तापमान

अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 3 मार्च 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 सिहावा में कोसरिया मरार पटेल समाज का भव्य...



12 विटामिन्स, मिनरल्स से भरपूर गन्नारस की डिमांड बढ़ी




## खबर संक्षेप

### उमरगांव में अर्जुन्दा के कलाकार की प्रस्तुति आज

**नगरी।** ग्राम उमरगांव में सोमवार रात्रि में लोक रंग अर्जुन्दा के कामेडियन घेवर यादव की प्रस्तुति होगी। यह कार्यक्रम रंगमंच बाजार चौक में रात्रि 8 बजे निर्धारित है। मुख्य अतिथि सोहन पटेल सहकारी समिति सांकरा होंगे। अध्यक्षता श्रीमती अंजना ध्रुव सरपंच करेंगी। विशेष अतिथि रूप में मोहन पुजारी, महेश अग्रवाल, बलराम साहू, अंगेश हिरवानी, देवेन्द्र सेन, महेन्द्र साहू, लक्ष्मीनाथ काशिव, मानिक साहू, राम प्रसाद साहू, कृष्ण मारकोले, फलेन्द्र साहू, संगीता साहू होंगे।

### किसान यूनियन की बैठक 4 मार्च को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ किसान यूनियन जिला धमतरी की बैठक 4 मार्च को दोपहर 12 बजे जिला अस्पताल के सामने नेहरू गार्डन में रखी गई है। 19 मार्च को आयोजित किसान पंचायत धमतरी मेंराष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत शामिल होंगे। यह जानकारी सुदर्शन ठाकुर, रामनिहोरा निषाद, महावीर साहू ने दी है।

### भखारा तहसील ग्राम पटेल संघ की बैठक 4 को

**जीजामगांव।** तहसील ग्राम पटेल संघ भखारा की बैठक मंगलवार 4 मार्च को दोपहर 11 बजे त्रिकुटी धाम कोसमर्रा में रखी गई है, जिसमें सभी सदस्यों से उपस्थिति की अपील सचिव घनाराम साहू ग्राम पटेल तहसील भखारा ने किया है।

### राष्ट्रीय कार्यशाला दिल्ली में सम्मिलित होंगे पूर्व जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष

**नगरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए योजनाओं का



संचालन किया जा रहा है लेकिन 1 से 3 वर्ष के बच्चों की सेहत संवारने के लिए कोई योजना नहीं है। मोबाइल क्रेचर्स संस्था द्वारा लइका घर का संचालन जनपद नगरी क्षेत्र में कई वर्षों से किया जा रहा है, ताकि बच्चों में कुपोषण दूर किया जा सके। इसके संचालन व उचित व्यवस्थापन को नई दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 5 और 6 मार्च को किया जाएगा, जिसमें श्रीमती दिनेश्वरी अध्यक्ष जपं नगरी, हुमीत कुमार लिमजा उपाध्यक्ष जपं नगरी, श्रीमती सुलोचना साहू सभापति महिला बाल विकास, शिवदयाल साहू उपसरपंच फरसिया और अन्य जन प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे।

### डीकेएसएस कालेज जीजामगांव में वार्षिक परीक्षा दो पाली में

**जीजामगांव।** स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में सत्र 2024-25 की वार्षिक परीक्षा दो पाली में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 7 से 10 बजे एवं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 3 से 6 बजे तक होगी। प्रथम पाली में बीएससी, बीकाम एवं बीसीए भाग 2 एवं 3 के छात्र शामिल होंगे। इसमें बीएससी, बीकाम भाग 1 के केवल पूरक प्राप्त छात्रों का पात्रता होगी। कुल 66 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। द्वितीय पाली में बीए भाग 2 एवं 3 की परीक्षा होगी। इसमें बीए भाग 1 केवल पूरक परीक्षार्थी शामिल होंगे। 160 छात्र ने ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरा है। विदित हो की सत्र 2024-25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू हो चुका है। इस सत्र से स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षा सेमेस्टर पद्धति से हो रही है। प्राचार्य डॉ. चोवाराम यदु ने नियमित, अमहाविद्यालयीन, भूतपूर्व एवं पूरक छात्रों को निर्धारित समयावधि में परीक्षा में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

---

घर का चना बेच शराब पीकर घर आया था मृतक, पिता भी नशे में था बेसुध

# चूल्हे की लकड़ी से छोटे ने बड़े भाई को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी/नगरी

घर का चना बेचकर दारू पीना बड़े भाई को महंगा पड़ गया। बड़ा भाई पीने के बाद घर में आकर विवाद करने लगा था। तैश में आकर छोटे भाई ने चूल्हे की मोटी लकड़ी से कई बार हमला किया। इससे बड़े भाई की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना नगरी क्षेत्र के ग्राम छिपली की है। यहां पर नवज्योति टिकरापारा निवासी चिंताराम नवरंग के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा कन्हैया लाल और छोटा पानेश कुमार। शनिवार को बड़ा भाई कन्हैया घर में रखे चना को बेचकर शराब पी लिया था। रात में घर आया और खाना नहीं बना है करके विवाद करने लगा। इससे छोटे



भाई को भी तैश आ गया। विवाद मारपीट में बदल गया। शुरूआत कन्हैया ने ही की। उसने चूल्हे की अधजली काफी मोटी लकड़ी से पानेश को मारा। पानेश ने लकड़ी छीन कर बड़े भाई कन्हैया पर उसी लकड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस घटना से कन्हैया वहीं पर गिर गया। उसके ऊपर सायकल भी गिर गया। सिर पर गहरी चोट लगने से कन्हैया की मौत हो गई। उधर घटना के बाद इलाज करवाने के लिए पानेश अस्पताल चला गया।

### चचेरे भाई ने दी सूचना

दोनों भाई के साथ घर पर पिता चिंताराम और एक चलने फिरने में असक्षम वृद्धा रहती है। घटना के दिन चिंताराम भी नशे में घर में सोया था। रात में चिंताराम के भाई का पुत्र जब उसके घर पहुंचा तो उसने कन्हैया को मृत हालत में पाया। उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नगरी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया और आरोपी छोटे भाई पानेश कुमार नवरंग को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल, पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है।

---

# युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

**शरीर में 16 गंभीर चोट, नवापारा वार्ड की घटना**





पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर 5 से 7 युवकों ने मिलकर 16 बार चाकू से ताबड़तोड़ हमलाकर जान से मारने का प्रयास किया। हमले से गंभीर घायल युवक को उपचार के लिए रायपुर रिफर कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय रिसाईपारा के शिवचौक के पास रहने वाला राजकुमार यादव पिता बब्बू उम्र 27 वर्ष रविवार की सुबह अपने दोस्तों के साथ बाइक में सवार होकर पड़ोसी मोहल्ला नवापारा वार्ड गया था, जहां 5 से 7 अज्ञात युवकों ने पुरानी रंजिश को लेकर राजकुमार को जाने से मारने की नीयत से धारदार चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चाकू से 16 बार वार किया। हमले से युवक लहूलूहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी चाकूबाज मौके से फरार हो गए। हमले में युवक के हाथ, कमर, सीना, पेट सहित शरीर के अन्य जगहों पर गंभीर चोट लगी है। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर के लिए रिफर कर दिया गया।

### अन्य भी आहत

बताया जा रहा है कि इस घटना में अन्य दो से तीन युवक भी चाकू से घायल हुए हैं। आरोपियों को फोकटपारा का होना बताया गया है। घटना के संबंध में डा.अखिलेश देवांगन ने बताया कि चाकू के हमले से घायल एक युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। युवक के शरीर में 15 से 16 जगहों चाकू लगा है। हमले से इन्टरनल आर्गन डेमेज होने की आशंका को देखते हुए घायल को रायपुर रिफर कर दिया गया है।

### आरोपियों की तलाश जारी

कोतवाली प्रभारी राजेश मरई ने बताया कि रविवार की सुबह नवापारा वार्ड में एक युवक को बदमाशों ने चाकू मारकर घायल कर दिया है। आरोपियों को पकड़ने पुलिस की अलग अलग टीम बनाई गई है। बताया गया है कि घटना के मुख्य आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बाकी की खोजबीन जारी है।

---

# एकलव्य स्कूल में प्रवेश के लिए हुई परीक्षा

- रविवार को शहर के 5 स्कूलों में 1024 बच्चों ने दिलाई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए एक हजार से अधिक छात्रों ने परीक्षा दिलाई। शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए परीक्षा शहर के 5 विद्यालयों में हुई। कुल 60 सीट के लिए सुबह 10 से 12 बजे तक परीक्षा हुई।

आदिम जाति कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार



को मोहलाई/कुकरेल स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा हुई। 6वीं कक्षा में प्रवेश के लिए कुल 1233 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया था, इसमें से 1024 छात्रों ने परीक्षा दिलाई। परीक्षा के लिए 5 सेंटर बनाए गए थे, जिसमें माडल इंग्लिश स्कूल सोरिद, सर्वोदय स्कूल हटकेशर, गर्वमेंट स्कूल महिमासागर, शा.आत्मानंद स्कूल हटकेशर तथा मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल धमतरी शामिल थे। 199 बच्चे परीक्षा में अनुपस्थित रहे।

---

# दो माह में 2104 वाहन चालकों पर गिरी गाज

- ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई, 684 वाहन चालकों के प्रकरण न्यायालय भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर यातायात पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। बीते दो माह में यातायात पुलिस ने 2104 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की है, इसमें से 684 प्रकरण न्यायालय में पेश किए गए हैं।



पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार एवं यातायात डीएसपी सुश्री मोनिका मरावी के नेतृत्व में दुर्घटनारहित सुगम व सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। यातायात नियमों का पालन कराने के उद्देश्य से ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। जनवरी व फरवरी माह में 2104 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। 684 वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। बिना हेलमेट के वाहन चलाने पर 92 लोग पर कार्रवाई की गई। बिना सीट बेल्ट 413, बिना लायसेंस के 24, मालवाहक वाहन में सवारी बिठाकर चलने वाले 100 वाहन चालक, ट्रिपल सवारी चलने वाले 227, प्रेशर हार्न 125, हाई स्पीड 19 व शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 40 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है।

यातायात पुलिस ने आमजनों व वाहन चालकों से ट्रेफिक रूल्स का पालन करने की अपील की है।

---

# होलाष्टक 6 मार्च से 14 मार्च तक, शुभ कार्य निषेध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

होलिका दहन से आठ दिन पहले होलाष्टक शुरू हो जाएगा। विप्र विद्यवत परिषद के अनुसार 6 मार्च सुबह 10 बजकर 50 मिनट से होलाष्टक प्रारंभ होगा जो 14 मार्च तक रहेगा। होलिका दहन के बाद होलाष्टक समाप्त हो जायेगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार इन आठ दिनों में शुभ कार्य वर्जित रहता है।

विप्र विद्वत परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष देव पंचाग के अनुसार फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष अष्टमी तिथि 6 मार्च गुरुवार से प्रातः 10 बजकर 50 मिनट से होलाष्टक प्रारंभ होगा जो 14 मार्च तक रहेगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी तिथि से होलाष्टक प्रारंभ होता, जिसका प्रभाव पूर्णिमा तक रहता है। होलाष्टक की ऐसी मान्यता है कि दैत्य हिरण्यकश्यप ने लगातार आठ दिनों भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद को तरह तरह से यातना कष्ट दिये थे। दूसरी धार्मिक मान्यता के अनुसार कामदेव ने भगवान शिव की तपस्या को भंग कर दिया तब भगवान शिव ने क्रोध में आकर अपनी तीसरी नेत्र से कामदेव को भस्म कर दिया तब कामदेव की पत्नी रति ने भगवान से अपने पति को पुनर्जीवित करने की प्रार्थना की थी, तब से होलाष्टक की परंपरा चली आ रही है। होलाष्टक लगने के बाद शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं। होलाष्टक के दौरान विवाह, सगाई, नया वाहन खरीदी, जमीन मकान खरीदी, गृह प्रवेश एवं धार्मिक अनुष्ठान वर्जित है।

---

# मां आदिशक्ति अंगारमोती ट्रस्ट में वर्चस्व की लड़ाई

- देवी के समक्ष फाउंडर मेम्बरों ने ली पद की शपथ, आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रदेश के नामचीन धार्मिक स्थल आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट में वर्चस्व की लड़ाई शुरु हो गई है। रविवार को ट्रस्ट के फाउंडर मेम्बरों ने मां अंगारमोती के समक्ष अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव की शपथ लेते हुए पदभार ग्रहण किया। इधर ट्रस्ट के तत्कालीन अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने इसका विरोध करते हुए ट्रस्ट संचालन में व्यवधान उत्पन्न करने की शिकायत रूद्री थाना प्रभारी से की है।

आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट के फाउंडर मेंबर एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष कोमलसिंह ठाकुर बताते हैं कि गंगरेल स्थित मां अंगारमोती मंदिर के संचालन के लिए सन 2000 में ट्रस्ट का गठन किया गया, जिसमें




कुल 27 व्यक्तियों को न्यासधारी के रूप में प्रस्ताव कर न्यायालय पंजीयन लोक न्यास धमतरी को आवेदन किया। जिस पर न्यायालय पंजीयक लोक न्यास ने 19 जनवरी 2021 को आदेश पारित करते हुए ट्रस्ट को पंजीकृत किया और उन्हीं 27 न्यासधारी व्यक्तियों में से पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। 27 न्यासधारी में 14 न्यासधारी की मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने बताया कि 3 साल पहले ट्रस्ट ने मां अंगारमोती मंदिर के समुचित विकास के लिए कार्यवाहक कार्यकारिणी पदाधिकारियों का गठन किया गया लेकिन धार्मिक स्थल पर काम्पलेक्स सहित अन्य विकास कार्य नहीं हो पाया। कार्यवाहक समिति का कार्यकाल समाप्त होने के बाद ट्रस्ट न फाउंडर मेंबरों की नई कार्यकारिणी गठन किया। रविवार को मां अंगारमोती के समक्ष अध्यक्ष के रूप में कोमलसिंह ठाकुर पोटियाडीह, उपाध्यक्ष शिवचरण नेताम सोरिद, सचिव देवानंद नेताम भंवरमरा, सहसचिव भगतराम उईके बोड़रा ने शपथ लेते हुए पदभार ग्रहण किया है।

इधर आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट के तत्कालीन अध्यक्ष जीवराखन मरई, नंदा ध्रुव, कृष्णा नेताम, जयपाल सिंह ध्रुव, ठाकुरराम नेताम, सुभाष ध्रुव आदि ने रूद्री थाना प्रभारी के नाम लिखित शिकायत में कहा है कि 2 सिंतबर 2000 को ट्रस्ट गठन के लिए आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज विकास समिति जिला धमतरी ने जिला स्तरीय बैठक रखकर कुल 27 व्यक्तियों को न्यासधारी के रूप में प्रस्ताव कर न्यायालय पंजीयक लोक न्यास धमतरी को आवेदन किया था। वर्तमान में ट्रस्ट का संचालन कार्यवाहक कार्यकारिणी पदाधिकारियों द्वारा संचालित किया जा रहा है लेकिन पंजीयन के आदेश नियमावली के अनुसार नए पदाधिकारियों का नियुक्ति किया जाना आवश्यक है। 1 फरवरी 2025 को आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज की बैठक कर ट्रस्ट के न्यासधारी के पद रिक्त होने पर समाज द्वारा 27 व्यक्तियों को नए न्यासधारी के नियुक्ति के लिए पंजीयक लोक न्यास को अनुमोदन किया गया है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में ट्रस्ट का कार्यकाल 6 माह के लिए बढ़ाया गया है लेकिन वर्तमान में देवानंद नेताम भंवरमरा ने ट्रस्ट का सचिव बताते हुए 27 फरवरी को अवैध रूप से ट्रस्ट का बैठक आहुत करने का सूचना जारी किया है, जिससे ट्रस्ट के संचालन में अवैध रूप से बाधा उत्पन्न हो रही है, जिससे आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज में रोष व्याप्त है। यदि देवानंद नेताम और उनका साथ देने वालों पर अंकुश नहीं लगाया जाएगा तो समाज में परिशांति भंग होगी तथा समाज उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होगा।आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज ने बैठक कराने वालों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

---

टमाटर हुआ थोक में 3 से 4 रुपए किलो, चिल्हर बाजार में 20 रुपए का 3 किलो

# हरी सब्जियों की कीमत गिरी, रसोई की बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर के सब्जी बाजारों में हरी सब्जियों की बंपर आवक हो रही है, जिसके चलते चिल्हर मार्केट में मौसमी हरी सब्जियों के दाम कम हो गए हैं। दाम गिरने से आम उपभोक्ता खुश हैं, अब घरों में तीनों टाइम हरी सब्जियां पक रही है।

सब्जी विक्रेता एवं उत्पादक होरीलाल सोनकर ने बताया कि सर्दी के सीजन में अंचल में बड़े पैमाने पर हरी सब्जी की फसल लगी हुई थी। पौधों की कलिया अब एक साथ तैयार होने लगी हैं, इसलिए फार्म हाउस सहित गांवों की सब्जियां बड़ी तादाद में शहर में पहुंच रही हैं। आवक बढ़ने से सब्जियों रेट कम हो गए हैं। लेवाली भी बढ़ गई है। लोग



थैला भरकर सब्जियां खरीद रहे हैं। सब्जी विक्रेता सोमन पटेल ने बताया कि टमाटर, पत्ता गोभी, लौकी, नवलगोल 10 रूपये किलो बिक रहा है। भटा, कुम्हड़ा, गोभी, केला, मूली 20 रूपये किलो रहा। गाजर, बरबटी, भिंडी, मटर 30 रूपये किलो बिका। कुंदरू, डोड़का, तोराई, हरा धनिया, शिमला मिर्च, सेमी 40 रूपये किलो रहा। करेला, हरी मिर्च, कटहल 50 रूपये में बिका तो ग्वारफल्ली, अदरक, मेथी भाजी, 60 रूपये किलो रहा। मुनगा, ढेंस, परवल 80 रूपये किलो बिका।

### नया लहसुन 80 रुपए किलो





6 माह पहले तक 400 रूपये किलो तक बिकने वाला लहसून की कई खेप बाजार पहुंचने से रेट कम हो गया हैं रविवार को लहसून 80-100 रूपये किलो बिका। आलू, प्याज के दाम क्रमशः 20 एवं 40 रूपये प्रतिकिलो रहा। अन्य सामानों में शक्कर 45, गुड़ 48, खड़ी हल्दी 150-200, खड़ी मिर्च 200-300, धनिया 100, जीरा 270, काली मिर्च 780,, रिफाइंड तेल पाउच 135, सरसों 75, मेथी 85, राहर दाल 100-150, मूंगदाल 110, उड़द दाल 110, मसूर दाल 85, चना 80, काबुली चना 120, हरा मटर 100, सफेद मटर 60, चना दाल 80, पोहा 50 रूपये किलो बिका। अंडा इस सप्ताह 70 रूपये दर्जन रहा।

---

### खेत में पलटा वाहन, बाल-बाल बचे यात्री



**जीजामगांव।** यात्रियों से भरा सूमो वाहन खेत में जाकर पलट गया। राहत की बात है कि इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। सभी यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। घटना पुलिस चौकी बिरेझर से महज 100 मीटर दूर की है। दंतेवाड़ा से खरोरा जा रहा सूमो क्रमांक सीजी 22 जी 3320 अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। सूमो में बैठे यात्रियों को मामूली चोट आई हैं। पुलिस चौकी बिरेझर से मिली जानकारी अनुसार सुमो में 10 यात्री सवार थे। बताया गया है कि सभी दंतेवाड़ा से घूमकर वापस खरोरा जा रहे थे।


**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### दुर्गूकोंदल की सड़कों का हुआ डामरीकरण

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड मुख्यालय दुर्गूकोंदल से संबलपुर भानुप्रतापपुर मार्ग में पेंचवर्क डामरीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया। ज्ञात हो कि इस संबंध में समाचार पत्रों में लगातार प्रकाशित किया जा रहा था और विभाग हरकत में आकर यह कार्य प्रारंभ कर दिया। दुर्गूकोंदल क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और व्यापारियों के द्वारा लगातार शासन प्रशासन से मांग किया जा रहा था। बारिश के बाद पेंचवर्क का कार्य नहीं होने से जगह-जगह गड्ढे होने से आवागवन में परेशानी हो रही थी, वही कई दुर्घटनाएं हो रही थी। विभाग ने मरम्मत कार्य सही ढंग से किया, तभी जनता का उद्देश्य पूरा हो पाएगा।

### एकलव्य के लिए प्रवेश परीक्षा में 487 शामिल



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के तीन विद्यालयों में 2 मार्च को एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा विकासखंड मुख्यालय के तीन विद्यालयों बालक माध्यमिक शाला, कन्या माध्यमिक शाला एवं सेजेश दुर्गूकोंदल में हुई। एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने बताया कि विकासखंड के प्राथमिक शालाओं से 518 बच्चों ने परीक्षा के लिए पंजीयन फार्म भरे थे, जिसमें 487 बच्चों ने परीक्षा दिया और 31 बच्चे अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा सुबह साढ़े 9 बजे प्रारंभ हुई। परीक्षा देकर निकले बच्चों में उत्साह देखने को मिला।

### ठेठवार यादव महासभा में रीति- नीति पर चर्चा



**चारामा।** ठेठवार यादव समाज का वार्षिक दो दिवसीय महासभा इस वर्ष भी ग्राम कनहार में हर्षोल्लास के साथ हुआ। समाज के रीति-नीति को मजबूती देने और युवाओं को जागरूक करने के उद्देश से आयोजित इस महासभा में समाज के लोग शामिल हुए। महासभा में सामाजिक समरसता, युवाओं की भागीदारी, महिला सशक्तिकरण और अन्य ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर चर्चा किया गया। महासभा के दूसरे दिन महिला प्रकोष्ठ ने सभा की कमान संभाली। समाज में महिलाओं की भूमिका को और मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में शामिल सभी सदस्यों ने समाज की एकता और समृद्धि को बनाए रखने का संकल्प लिया।

### बांगाबारी पंचायत में पंच व सरपंच सभी निर्विरोध जीते



**दुधावा।** नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बांगाबारी में इस बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में गांव के सामूहिक फैसले ने यह साबित कर दिया कि जब एकता व विकास की सोंच साथ हो तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया और भी सशक्त हो सकती है। गांव वालों का कहना है कि हमें आपस मे लड़ना नही, विकास का काम करना है। विकास का काम तभी होगा, जब हम आपस मे लड़ेंगे नही और सब मिलकर काम करेंगे। ग्राम के वरिष्ठ नागरिक सुकाउराम मरकाम, हीरा नेताम और रसलाल नेताम ने कहा कि गांव में आपसी रजामंदी से बैठक में तय किया कि राजनीति द्वंद में गांव का माहौल खराब न हो इसलिए एक मत से सरपंच व पंच का निर्विरोध चुना गया। युवा पंच हेमलाल मरकाम को सर्वसम्मिति से उपसरपंच भी चुन लिया गया। नवनिर्वाचित सरपंच पंच एवं ग्रामीणों ने शनिवार को विजय जुलूस निकाल कर लोगो से आशीर्वाद लिया।

### हरफतराई, हटकेशर, रूद्री और पोटियाडीह की टीम बनी विजेता

# क्रिकेट के सातवें दिन ग्रामीण टीमों का दबदबा





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्थानीय मिशन ग्राउंड में आयोजित डीपीएल सीजन 6 रात्रिकालीन क्रिकेट मैच के सातवें दिन ग्रामीण टीमों का दबदबा रहा। इस दिन सुपरलीग के चार मैच खेले गए, जिसमें हरफतराई, हटकेशर, रूद्री व पोटियाडीह की टीम ने जीत दर्ज की।

पहला मैच जालमपुर वार्ड और हरफतराई के बीच खेला गया, जिसमें जालमपुर ने 8 विकेट पर 74 रन बनाए। हरफतराई ने 7 विकेट पर 9 ओव्हर में 75 रन बनाकर जीत दर्ज की। दूसरा मैच हटकेशर और आमदी के बीच हुआ। हटकेशर का स्कोर 95/8 तथा आमदी का स्कोर 71/10 रहा। हटकेशर की टीम ने 24 रनों से जीत दर्ज की। तीसरा मैच रूद्री और मराठापारा के बीच खेला गया। रूद्री ने 10 ओव्हर में 4 विकेट खोकर 136 रन बनाया। जवाब में उतरी मराठापारा की टीम 9 ओव्हर खेलकर 79 रनों में सिमट गई। रूद्री 57 रन से विजेता बनी। चौथा और आखिरी मैच पोटियाडीह और सदर उत्तर वार्ड के बीच खेला गया। पोटियाडीह ने 5 विकेट खोकर 140 रन बनाए। सदर उत्तर वार्ड की टीम 7 विकेट खो कर 107 रन ही बना पाई। इस तरह पोटियाडीह ने 33 रन से मैच जीत लिया।

# शपथ लेने से पूर्व एक्टिव हुए अध्यक्ष व पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

नगर पंचायत भखारा के नव निर्वाचित अध्यक्ष ज्योति हरख जैन और पार्षद शपथ ग्रहण करने से पहले ही नगर में सुविधाओं को बहाल करने में जुट गए हैं। इसी कड़ी में उन्होंने सीएमओ और विभागीय कर्मचारियों के साथ नगर का भ्रमण कर पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान वे डुमराही तालाब पहुंचे। जहां पर गहरीकरण का काम हो रहा है। उन्होंने कार्य को उचित तरीके से करने के लिए समुचित निर्देश दिए। पंप हाउस पहुंचकर उपस्थित कर्मचारी और लैब तकनीशियन को नियमित और शुद्ध जल सप्लाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने फिटकरी, चूना, केमिकल आदि की गुणवत्ता की जानकारी ली। इस अवसर पर सीएमओ संतोष विश्वकर्मा सहित पार्षदगण विष्णु साहू, छबि निर्मलकर, चक्रसुदर्शन, हितेंद्र साहू, जीतेन्द्र साहू, भूपेंद्र यादव, चंद्रप्रकाश साहू आदि उपस्थित थे।





# महापौर को थमाया शक्ति स्वरूप गदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शपथ ग्रहण समारोह में जिला कुश्ती संघ धमतरी एवं क्रीड़ा भारती जिला धमतरी द्वारा महापौर जगदीश रामू रोहरा को शक्ति के प्रतीक स्वरूप गदा भेंट कर शुभकामनाएं दी।

नव निर्वाचित महापौर जगदीश रामू रोहरा को छत्तीसगढ़ प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष एवं क्रीड़ा भारती जिलाध्यक्ष लक्ष्मण साहू (पहलवान), कुश्ती संघ के संरक्षक श्री थिटे, कुश्ती संघ के सह संरक्षक सत्यवान यादव, क्रीड़ा भारती के महामंत्री ननकू महाराज, कुश्ती संघ के सचिव विजय यादव, कोषाध्यक्ष शिवा प्रधान, क्रीड़ा भारती के कोषाध्यक्ष रामकुमार साहू, सह सचिव नीलमणि साहू, क्रीड़ा भारती सचिव एवं नगर निगम स्पोर्ट्स अकादमी के सहसंचालक टिकेश्वर (टिक्की) निर्मलकर वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य यशवंत साहू, सदस्य डॉ. रामकुमार साहू, सदस्य गोपी साहू द्वारा गदा भेंट किया गया।



# विधायक ने पोटियाडीह के अमलेश्वर मंदिर की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विधायक ओंकार साहू महाशिवरात्रि पर्व पर नगर पंचायत आमदी में आयोजित मानसगान एवं भंडारा कार्यक्रम में शामिल हुए। तत्पश्चात ग्राम पोटियाडीह के अमलेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि पर क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। भक्तजन भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना में जुटे रहे। विधायक ने कहा कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की शादी हुई थी। भगवान शिव की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए महाशिवरात्रि को बहुत खास माना गया है। इस दिन भक्तजन भगवान भोलेनाथ को चंदन का तिलक लगाकर, बेलपत्र, भांग, धतूरा, कमल गट्टे, फल, मिष्ठान, मीठा पान, इत्र आदि चढ़ाते हैं। जगह-जगह भंडारा का आयोजन करते हैं।

मौके पर पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत माला, पारसमणि साहू, फूलसिंग साहू, ज्ञानिक साहू, हेमाणु पाड़े, मनराखन साहू, अंकुरपुरी गोस्वामी, विक्रम साहू, प्रकाश साहू, गौतम साहू, राजीव गिरी गोस्वामी, तेजप्रताप साहू, भेवन साहू, ओंकार ध्रुव, उमेश साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# भगवान शंकर सकल ब्रह्मांड के महानायक : कविता

- पोटियाडीह में आयोजित भजन गायन एवं मेला महोत्सव में हुईं शामिल जिला पंचायत सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महाशिवरात्रि पर्व पर ग्राम पोटियाडीह में श्री अमरेश्वर महादेव मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वाधान में तीन दिवसीय भजन गायन एवं भव्य मेला महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस की अतिथि नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य कविता योगेश बाबर थीं। श्रीमती बाबर ने अमरेश्वर महादेव का जलाभिषेक एवं दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पश्चात समिति द्वारा संचालित भंडारा में सहयोग प्रदान किया। भक्तों को भोजन प्रसादी का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ शिव शंकर की कृपा दृष्टि आप सभी पर बनी रहे। उनके आशीर्वाद से क्षेत्र में ख़ुशहाली एवं समृद्धि आए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजीव गोस्वामी, शिव शंकर साहू, डिगेश्वर सिन्हा, अंकुर गोस्वामी, ईश्वर साहू, दीनबंधु देवांगन, चंद्रकांत देवांगन, गोपेश्वर साहू, सुंदर साहू, वीरेंद्र साहू, गजेंद्र साहू, जनक सिन्हा एवं समिति के संयोजक नरेंद्रपुरी गोस्वामी उपस्थित थे।



# आत्माराम बने देवपुर के सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत देवपुर से बोधसेमरा निवासी आत्माराम नेताम ने 100 मतों से लीड कर जीत हासिल की है। ग्राम पंचायत देवपुर में आश्रित गांव बिरनपुर व बोधसेमरा शामिल हैं। इस चुनाव में कुल 5 प्रत्याशी मैदान पर थे। चुनाव नजदीक आते आते पूरा चुनाव त्रिकोणीय संघर्ष में बदल गया और मतदाताओं ने आत्माराम नेताम पर भरोसा जताया। आत्माराम नेताम को 466 मत, राजकुमार मंडावी 369 मत व आरती ध्रुव को 245 वोट प्राप्त हुए। नवनिर्वाचित सरपंच आत्माराम नेताम ने जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए गांव में आतिशबाजी और डीजे के साथ विजयी जुलूस निकाला व घर घर जा कर लोगों का आशीर्वाद लिया। ग्रामीणों ने उत्साह से स्वागत किया।



# जिपं अध्यक्ष बनाने पर्यवेक्षक ने विजयी सदस्यों से की वार्ता व संभावनाएं टटोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर




कमल सदन में जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनाने को लेकर 2 मार्च को कोर कमेटी की बैठक हुई। भाजपा से अधिकृत जीतकर आने वाले जिला पंचायत सदस्यों से भी पर्यवेक्षक यशवंत जैन ने बंद कमरे में बातचीत किया और उनसे उनकी राय जानने का प्रयास किया गया। पर्यवेक्षक ने एक-एक सदस्य से अलग अलग बात किया। इसके पहले भाजपा की जिला कोर कमेटी की बैठक हुई और रणनीति पर चर्चा किया गया।

कमल सदन में भाजपा के कोर कमेटी के सदस्य भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व विधायक विक्रम उसेंडी, सांसद भोजराज नाग, पूर्व सांसद मोहन मंडावी, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, जिलाध्यक्ष महेश जैन और जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनाने को लेकर अधिकृत पर्यवेक्षक यशवंत जैन ने रणनीति तैयार किया और कई विषयों पर चर्चा किया गया। इसके उपरांत पर्यवेक्षक ने बंद कमरे में विजयी जिला पंचायत सदस्यों से तारा ठाकुर, तेजेश्वरी सिन्हा, किरण नरेटी, देवेंद्र टेकाम, कामिनी उसेंडी, दीपांकन राय और सुनीता मंडल से अलग-अलग संवाद किया और अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को लेकर उनकी राय भी जानने का प्रयास किया गया। भाजपा के पास केवल तीन जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर, किरण नरेटी और कामिनी उसेंडी एसटी वर्ग से जीतकर आई है और इनमें ही किसी एक का जिला पंचायत अध्यक्ष बनना तय है। पर्यवेक्षक ने संवाद करके बहुमत अनुसार पहले, दूसरे और तीसरे नंबर पर नाम लिखकर पैनल प्रदेश संगठन को भेजा है और प्रदेश संगठन तय करेगा कि कांकेर जिला पंचायत का अध्यक्ष कौन होगा। यह खुलासा संभवतः 5 मार्च को मतदान करने के पहले किया जाएगा।

### भानुप्रतापपुर विस से अध्यक्ष बनने का मौका

अध्यक्ष को लेकर यह चर्चा रहा कि जिला पंचायत में आज तक भाजपा से कांकेर और भानुप्रतापपुर विधानसभा से अध्यक्ष बनने का मौका मिल चुका है, परंतु अंतागढ़ से आज तक मौका नहीं मिला है। अंतागढ़ विधानसभा से इस बार 04 में से 03 जिला पंचायत सदस्य जीतकर आएं है। इस बार अंतागढ़ को मौका दिया जाना चाहिए। इसके अलावा कांकेर विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज कराने वाली तारा ठाकुर दूसरी बार जिला पंचायत सदस्य बनी है और पुरी क्षेत्र से जीतने वाली किरण नरेटी शादी के पहले कोंडागांव नगर पालिका की अध्यक्ष रह चुकी है। यह दोनो अनुभवी है, जिसका लाभ दोनो में से किसी एक को मिल सकता है।

# एनएच 30 पर पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसों का सिलसिला रूकने का नाम ही नही ले रहा। आए दिन सड़क दुर्घटना में कई घायल हो रहें है, तो कई लोगो की जान जा रही है। झीपाटोला के पास पिकप वाहन के चालक ने बाईक सवार युवक को सामने से जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतना भयंकर था कि बाईक सवार युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक के पिता ने दुर्घटना की शिकायत चारामा थाना में किया। थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम खैरखेड़ा निवासी 55 वर्षीय नारद नेताम ने पुलिस को बताया कि 1 मार्च को मेरा बेटा योगेश कुमार नेताम मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 4095 में सवार होकर लखनपुरी गया था। अपने दोस्त सत्या मंडावी को लखनपुरी से छोड़ने के लिए झीपाटोला गया था।




# मयाना के सूने मकान में दिनदहाड़े 58 हजार की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

चारामा थानांतर्गत ग्राम मयाना के सूने घर से अज्ञात चोर ने नगद व सोने चांदी के जेवरात समेत कुल 58 हजार रूपए की चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। खबर मिलते ही पुलिस मामले की छानबीन में लग गई। चारामा थाना में चोरी की शिकायत करने पहुंचे मयाना निवासी 58 वर्षीय जागेशवर यादव पिता झाडूराम यादव ने पुलिस को बताया कि मेरी बहू गर्भवती होने के कारण 28 फरवरी को डिलेवरी का समय होने से मेरा लड़का अक्षय कुमार यादव तथा मेरी पत्नी सकुन यादव दोनो 102 वाहन से बहू को सरकारी अस्पताल चारामा लेकर गए। मैं घर में ताला लगाकर घर के मवेशियों को चराने के लिए जंगल की ओर ले गया और शाम को लगभग 5 बजें घर वापिस और मवेशियों को उनके स्थान पर बांधकर घर के दरवाजा का ताला खोलने गया तो देखा कि घर के सामने दरवाजा पर लगाया हुआ ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। बेटा और बहू के कमरे के आलमारी का दरवाजा खुला हुआ था तथा आलमारी में रखे सोना का मराठी माला वजनी करीब 6 ग्राम कीमती करीब 15 हजार रूपएं, चांदी का करधन 7 हजार रूपएं, 2 जोड़ी चांदी का पायल किमती 6 हजार रूपएं एवं नगदी रकम 30 हजार रूपएं को अज्ञात चोर चोरी कर लिया था। यह घटना 28 फरवरी की सुबह 10 बजें से शाम 5 बजें बीच की है। अज्ञात चोर ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी की घटना का अंजाम दिया और घर में रखे सोने चांदी के जेवर समेत कुल 58 हजार रूपएं की चोरी कर फरार हो गया।

Pride of Dhamtari







विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि

धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201




## खबर संक्षेप



### नवागांव में जलसंकट, पैसे लिए पर मोटर नहीं सुधारी

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम नवागांव में क्रेडा विभाग के द्वारा हेंडपंप मे सौर ऊर्जा का मोटर शिफ्ट किया गया, जो विगत 4 माह से खराब होने के कारण गांव वालों को पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी विभाग को दिया, परंतु अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ। नवागांव की महिलाएं रमोतिन नुरुटी, सत्या पटेल, बिसरी बाई कल्लो, सुमित्रा कोमरा, कौशिलया पुड़ो, शकुन नुरुटी ने कहा है कि पिछले 4 माह से सौर ऊर्जा मोटर बंद पड़ा है।

## निधन

### दानेश्वरी साहू



**धमतरी।** ग्राम मुरा दरबा निवासी श्रीमती दानेश्वरी साहू का शुक्रवार को स्वास्थ्य खराब होने की वजह से 35 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मुरा में किया गया, जहां समाजजन सहित पारिवारिक सदस्यों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी। वे मुरा के प्रतिष्ठित कृषक योगेश साहू की धर्मपत्नी, केदार साहू की बहू व पुर्वांश, विभाग की माता थीं।

### कौशिल्या निषाद



**जीजामगांव।** ग्राम गणेशपुर के प्रतिष्ठित डॉक्टर एवं समाजसेवी ललित निषाद की माता श्रीमती कौशिल्याबाई निषाद का निधन 1 मार्च शनिवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम गणेशपुर के शांतिघाट में किया गया। उनके निधन पर डॉ. ललित निषाद, प्रेमनारायण, नरेंद्र, प्रेमशंकर, शंकर, तुलस, वेदन, कमलेश, बहारा, संतोष, छबिराम आदि ने शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि दी।

समाज की एकता, परंपरा और सशक्तिकरण पर हुआ मंथन

# सिहावा में कोसरिया मरार पटेल समाज का भव्य वार्षिक महाधिवेशन संपन्न

- विधायक अंबिका मरकाम ने दिया समाज भवन निर्माण का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



सप्तऋषियों की पावन धरा, महानदी उद्गम स्थली कर्णेश्वर महादेव मंदिर, देऊरपारा सिहावा में कोसरिया मरार पटेल समाज का एक दिवसीय वार्षिक महाधिवेशन 1 मार्च को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

अधिवेशन का शुभारंभ समाज की ईष्ट देवी मां शाकंभरी के छायाचित्र की पूजा-अर्चना से किया गया, इसके बाद आमंत्रित अतिथियों का स्वागत, सम्मान किया गया। महाधिवेशन के दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज की बालिकाओं ने स्वागत गीत और आकर्षक नृत्य प्रस्तुति भी दी। महाधिवेशन में समाजजनों ने सामाजिक एकता, परंपरा और संस्कृति को बनाए रखने के लिए विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने समाज में जागरूकता लाने और आर्थिक सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया। पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े रहने और उन्हें आधुनिक रूप से विकसित करने पर बल दिया।

महाधिवेशन की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश संरक्षक अमर सिंह पटेल ने समाजजनों को एकजुट रहने और परंपरा-संस्कृति को संजोकर आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, कृषि और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाकर समाज को मजबूती प्रदान की जा सकती है।कार्यक्रम में प्रदेश एवं क्षेत्रीय स्तर के कई प्रतिष्ठित सामाजिक व राजनीतिक हस्तियों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से सुनील पटेल (प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार पटेल समाज), खेलूराम पटेल (प्रदेश उपाध्यक्ष), दुलेश पटेल, सियाराम पटेल, कुबेर पटेल (प्रदेश महामंत्री), तेजराम पटेल (कार्यकारी अध्यक्ष), बलजीत छाबड़ा (अध्यक्ष, नगर पंचायत नगरी), महेंद्र पांडेय (मीडिया प्रभारी, ब्लॉक कांग्रेस नगरी), कन्हैया लाल कौशल (अध्यक्ष, सिहावा राज पटेल समाज) आदि शामिल थे।

### संगठित समाज ही सशक्त - अंबिका

महाधिवेशन में सिहावा विधायक अंबिका मरकाम बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही सशक्त समाज होता है। हमें अपने पारंपरिक व्यवसायों को सहेजते हुए आर्थिक रूप से मजबूत बनने की जरूरत है। बेटा और बेटी को समान रूप से अच्छी शिक्षा देना ही समाज के उज्जवल भविष्य की कुंजी है। उन्होंने सिहावा में पटेल समाज भवन निर्माण का आश्वासन भी दिया।

## छग के बजट में पेंशन के लिए पूर्व सेवा गणना व क्रमोन्नति की अपेक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के आगामी बजट में एलबी संवर्ग के शिक्षकों की पेंशन हेतु पूर्व सेवा की गणना करने व माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के डबल बैंच के निर्णय अनुसार क्रमोन्नति की अपेक्षा रहेगी।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. भूषणलाल चंद्राकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र पारीक, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, सविता छाटा, नंदकुमार साहू, डॉ गणेशप्रसाद साहू, तीरथ राज अटल, एनआर बघेल, बी यदु, बलराम तारम, रामदयाल साहू, डॉ आशीष नायक, केपी साहू, शैलेन्द्र कौशल, गेवाराम नेताम, दिनेश साहू, रमेश यादव ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के बजट में सरकार से मोदी जी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत समयमान वेतनमान प्रदान करने, शिक्षक समतुल्य वेतनमान (पुनरीक्षित वेतनमान ) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण करने, पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग की पुरानी पेंशन को निर्धारित करने एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किये जाने सहित माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय 28 फरवरी के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति समयमान का विभागीय आदेश जारी किए जाने की अपेक्षा रहेगी। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिए जाने तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ सीजीपीएफ खाता में किये जाने की उम्मीद है।

## नवनिर्वाचितों ने विधायक से लिया मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बगदेही(धमतरी)

जनपद सदस्य सहित नवनिर्वाचित सरपंच व कार्यकर्ताओं ने विधायक अजय चंद्राकर से मार्गदर्शन लिया। जनपद क्षेत्र क्रमांक 7 के नवनिर्वाचित सदस्य एवन साहू सहित ग्राम भेंडरवानी सरपंच मिथलेश साहू, चोरभट्टी सरपंच शोभाराम साहू, बगदेही सरपंच अनुसुइया बाई ध्रुव सहित बूथ अध्यक्ष चोवाराम साहू, ऐश्वर्या साहू, नोहर साहू, तीनों गांव कार्यकर्ता गैंदधर ध्रुव, नरसिंह साहू, भागीरथी साहू, राकेश साहू, सेऊक पाल, नकुल साहू, अश्वनी साहू, लोकेश्वर साहू, दीपक यादव, बीरेंद्र साहू, गौरव साहू, शंकर साहू, कामता साहू ने कुरूद विधायक अजय चंद्राकर से उनके निवास में पहुंचकर भेंटकर और बेहतर कार्य के लिए मार्गदर्शन लिया।

## स्वच्छता अभियान को मिल रहा व्यापक समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



नगर निगम द्वारा गोकुलपुर एवं रामपुर में सफाई जनचौपाल का आयोजन किया गया। इस अभियान में पार्षद एवं वार्डवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। सफाई अभियान को सफल बनाने और नागरिकों को जागरूक करने के इस प्रयास की सराहना करते हुए आयुक्त प्रिया गोयल का बुके देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त पीसी सार्वा, पार्षद प्रकाश सिन्हा, गजेंद्र कंवर समेत नगर निगम के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सफाई चौपाल में चर्चा के दौरान वार्डों में बने सामुदायिक भवनों के शुल्क निर्धारण का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही अपील की गई कि सामुदायिक भवनों में कार्यक्रम होने के बाद वहां का कचरा नगर निगम को सौंपा जाए, जिससे सफाई व्यवस्था बनी रहे।

नगर निगम द्वारा यूजर चार्ज टैक्स की वसूली को लेकर भी चर्चा की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नगर निगम की वित्तीय व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए वार्डवासियों का सहयोग आवश्यक है। स्वच्छता और नगर सेवा सुधार के लिए टैक्स का नियमित भुगतान जरूरी है, ताकि निगम की सेवाएं प्रभावी बनी रहें। रामपुर डबरीपारा में मोटर पंप संचालन में लापरवाही की शिकायत सामने आई। वार्डवासियों के अनुसार मोटर पंप निर्धारित समय में चालू नहीं किया जा रहा था। इस पर संज्ञान लेते हुए आयुक्त ने मोटर पंप संचालक को नोटिस जारी किया और जल आपूर्ति में लापरवाही को गंभीरता से लेने की बात कही। इसके अलावा सदर दक्षिण वार्ड एवं मराठापारा में भी सफाई चौपाल का आयोजन मराठा मंगल भवन में हुआ। वार्ड की समस्याओं पर चर्चा हुई। पार्षद अनीता अग्रवाल एवं सतीश पवार ने वार्डवासियों की ओर से नाली सफाई, बिजली खंभों की मरम्मत, जल निकासी जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग प्रशासन के समक्ष रखी।

## बजट सत्र में रसोइयों, सहायिकाओं का मानदेय 50 प्रतिशत बढ़ाएं : सीटू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छग मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन सीटू ने शनिवार को गांधी मैदान में 11 सूत्रीय मांगों को बजट में शामिल करने धरना प्रदर्शन किया एवं शासन के नाम ज्ञापन सौंपा।

सीटू अध्यक्ष समीर कुरैशी, कोषाध्यक्ष अनुसुईया कंडरा, महासचिव ललिता साहू ने बताया कि 11 सूत्रीय मांगों में रसोईया सहायिकाओं को मिलने वाले मानदेय 2 हजार में 50 प्रतिशत की वृद्धि की जाए। प्राथमिक माध्यमिक शालाओं को मर्ज करने का आदेश वापस हो। मानदेय प्रतिमाह 5 तारीख तक मिले। 25 विद्यार्थियों पर एक रसोईया रखने की नीति रद्द की जाए एवं प्रत्येक 25 विद्यार्थियों पर एक सहायिका की भर्ती की जाए। नई शिक्षा नीति 2020 को रद्द किया जाए। कर्मियों की छंटनी बंद हो। 12 महीने तक मानदेय व दो जोड़ी वर्दी दी जाए। सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन का लाभ, कार्य के समय घायल होने पर 50 हजार तथा मृत्यु होने पर 5 लाख की राहत राशि दी जाए। उड़ीसा की तरह छत्तीसगढ़ में भी सेवानिवृत्ति के बाद 2 लाख रूपए दिए जाए।

## महादेव की भक्ति में रातभर झूमते रहे श्रोता

- गाड़ा समाज और सनातन सेना द्वारा शिवरात्रि पर भजन संध्या, दीपक सिंह ठाकुर हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



धमतरी गाड़ा समाज साल्हेवारपारा एवं सनातन सेना धमतरी के द्वारा साल्हेवारपारा में सुगम तालाब के पास ओंकारेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना महाशिवरात्रि के पावन अवसर की गई। स्थापना महोत्सव के तीसरे दिन भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें श्री श्याम संकीर्तन मंडली ने मनमोहक दी। भजन संध्या में मुख्य रूप से सनातन सेना धमतरी प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर, अभिषेक शर्मा, गोपाल साहू, लक्ष्मीनारायण स्वर्णकार, जतीन देवांगन, आशीष शर्मा उपस्थित हुए।

दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि साल्हेवारपारा वार्ड से उनका पुराना रिश्ता है। उनके पिता जी जालमपुर स्कूल में लंबे समय तक शिक्षक रहे हैं। बहुत ही हर्ष का विषय है कि गाड़ा समाज और सनातनी भाइयों के अथक प्रयास से महादेव के इस भव्य मंदिर की स्थापना हुई है। सीमित साधन में जीवन यापन करने वाले लोगों के द्वारा यह पुनीत कार्य किया गया है । श्री सिंह ने श्री श्याम संकीर्तन परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्याम संकीर्तन परिवार द्वारा लगातार निस्वार्थ भाव से भजन संध्या अलग-अलग स्थानों में किया जाना है, इनके माध्यम से लोगों को प्रभु की भक्ति से जोड़ने का कार्य किया जा रहा हैं । उन्होंने कहा कि आज हमारे सनातन सेना से इस वार्ड की महिलाएं भी जुड़ी हैं। इस दौरान रोहित जगत गाड़ा समाज युवा अध्यक्ष, टेभा राम नागेश पूर्व अध्यक्ष गाड़ा समाज, संतोष जगत अध्यक्ष गाड़ा समाज, संतराम बघेल उपाध्यक्ष, चरण सिंह जगत सचिव, संदीप नागेश कोषाध्यक्ष, सुनील जगत उप सचिव, राजेश नागेश उप कोषाध्यक्ष, मुकेश नागेश समाजिक कार्यकर्ता, कन्हैया नागेश कार्यकर्ता, गणेश प्रधान, प्यारे प्रधान आदि उपस्थित थे।

## सत्संग की सरिता में डुबकी लगाना असली भक्ति : कौशिक



- झिरिया में श्री शिवमहापुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ग्राम झिरिया में पांच दिवसीय श्री शिवमहापुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ। भगवान शिव के विविध अवतार और बारह ज्योतिर्लिंग की कथा सुनने खचाखच भीड़ रही। कथावाचक कौशिक महाराज ने कहा कि संत वही है जो भला बुरा कहने वालों पर सामान्य बना रहता है। क्रोध का परित्याग पहला लक्षण है। जीवन में सबको ज्ञान देना भी उचित नहीं, जो उसके अधिकारी हैं उन्हीं को समझाएं। रावण, दुर्योधन, कंस को कितनों ने समझाया पर वे नहीं माने। आगे कहा कि समस्त ब्रह्मांड का हर एक तत्व परमात्मा का दिया है। इसे तहस नहस कर न लौटाएं। उसके हर स्वरूप को सुरक्षित और संरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम का संचालन प्रज्ञा पुत्र सुरेशचंद्र सिंहसार ने किया।

शिवमहापुराण कथा के मुख्य यजमान प्रेमलाल लक्ष्मी बाघमार, जितेंद्र मोहिनी पटेल, डोमन रेखा चंद्राकर, अशोक पटेल थे। कथा सुनने सरपंच शेखर पटेल, प्रहलाद सिन्हा, पुनीत चंद्राकर, उत्तम चंद्राकर, मनराखन ध्रुव, आशीष चंद्राकर, रामप्यारी ध्रुव, सखाराम साहू, अघारी राम निषाद, नरेंद्र सिन्हा, लालजी साहू, लखन धीवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सरपंच, जपं सदस्य ने निकाला विजय जुलूस



**नगरी।** पंचायत चुनाव में जीत मिलने के बाद सरपंच रूपेंद्र कुमार मरकाम और जन सदस्य पुष्पा देवी मंडावी ने विजय जुलूस निकाल मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे। ग्राम कल्लेमेटा में रूपेंद्र कुमार मरकाम को सरपंच के रूप जीत मिली है। वहीं जनपद सदस्य के रूप में पुष्पा देवी मंडावी विजयी हुई हैं। रविवार को दोनों विजय जुलुस निकालकर ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों ने सरपंच और जनपद सदस्य का ग़ुलाल तिलक कर स्वागत किया। इस दौरान दयाराम कमार, तिरधारी, अशोक मरकाम, सियाराम पटेल, मनीष धुव, भारत मरकाम, दौलत निर्मलकर, गंगाबाई, देवक निर्मलकर, दिलीप, ललिता देवदास सहित बड़ी संख्या में गांव महिला-पुरुष शामिल उपस्थित थे।

## रामपुर स्कूल में हुआ विज्ञान दिवस का आयोजन



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के विज्ञान संकाय के शिक्षक पूजा शर्मा एवं स्वाति साहू द्वारा बच्चों को प्रोजेक्ट के माध्यम से विज्ञान से संबंधित पहलुओं को दिखाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था प्रमुख प्राचार्य आरके बघेल थे। प्राचार्य ने विज्ञान के अनोखे खोज, उपलब्धि, हर क्षेत्र में बढ़ती उपयोगिता को बताया और डॉ. सीवी रमन की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। छात्रों ने मॉडल एवं चार्ट के माध्यम से विज्ञान के उपलब्धियों को दर्शाया। इस दौरान आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, जीके साहू, डीके साहू, एस. अग्रवाल, पी. शर्मा, एस. साहू, जे. ध्रुव, एल. सोन, एम. ठाकुर सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद को लेकर भाई से मारपीट

**महासमुंद।** जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने अपने भाई के साथ मारपीट कर दी। कोतवाली पुलिस को होरीलाल निवासी कांपा ने बताया कि 28 फरवरी वह सुबह काम के लिए बिरकोनी पाइप फैक्ट्री गया था, रात करीबन 8.30 बजे उसके भाई बलदाऊ साहू ने फोन नतनिन का जन्मदिन मानने के लिए बुलाया। प्रार्थी जब रात 9.30 बजे बलदाऊ साहू के घर पहुंचा तो वहां जन्मदिन का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान बलदाऊ जमीन विवाद की पुरानी बात को लेकर गाली गलौच करने लगा, जब उसे मना किया तो बलदाऊ साहू और दोनों बेटे गौरव व सौरभ साहू के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। कुछ देर बाद वहां आए प्रार्थी के लड़के पोषण साहू के साथ भी तीनों आरोपियों ने मारपीट की।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**महासमुंद।** ग्राम अछोली स्थित महामाया मंदिर के पास 28 फरवरी की दोपहर पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। तुमगांव पुलिस ने बताया कि तुमगांव का महावीर निषाद और अछोला का अरूण धीवर मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रं0 सीजी 05 सी 8276 से ग्राम समोदा गए थे, समोदा से वापस आते समय ग्राम अछोला महामाया मंदिर के प्रवेश द्वार के सामने दोपहर करीबन 1.30 बजे सामने से आ रही अज्ञात सफेद बोलेरो पिकअप के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर साइकिल को सामने को ठोकर मारकर एक्टसीडेंट कर दिया। जिससे दोनों घायल हो गए।

### युवक से मारपीट कर जबड़ा तोड़ा

**महासमुंद।** जोरातराई में एक शादी में मायन नाचने के लिए गए एक युवक से मारपीट की घटना हुई है। खल्लारी पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि 25 फरवरी को मोहन निर्मलकर के यहां शादी में मायन नाचने के लिये कोमल यादव एवं उसके दोस्त योगेश धृतलहरे, संदीप सोनवानी गए थे। इसी दौरान वहां पर देवेंद्र निर्मलकर निवासी जोरातराई शराब के सेवन कर नशे में आकर कोमल के साथ गाली गलौच करने लगा। कुछ देर बाद आरोपी अपने छोटे भाई दौलत निर्मलकर को लेकर आया। मारपीट करने लगे।

ताजा गन्ना रस शरीर के लिए एनर्जी बूस्टर : सीएमएचओ

# विटामिन्स, मिनरल्स से भरपूर गन्ना रस की डिमांड बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



गर्मी का सीजन लगते ही पारा 36 डिग्री तक पहुंच गया है। तेज चिलचिलाती धूप से निजात पाने लोग ठंडे पेय पदार्थों के स्टाल की ओर जाने लगे हैं। गन्ना रस की मांग बढ़ गई है जो सस्ता होने के साथ-साथ विटामिन्स, मिनरल्स, प्रोटीन आदि से भरपूर है, जिसका सेवन करने से शरीर को फायदा होता है। शहर के रायपुर रोड, सिहावा रोड, रूद्री रोड, बस्तर रोड, सदर बाजार मार्ग, विंध्यवासिनी रोड सहित ग्रामीण अंचल में बड़े पैमाने पर ताजा गन्ना रस का स्टाल लगा हुआ है, जहां लोग प्यास और थकान मिटाने पहुंच रहे हैं।

गन्ना रस विक्रेता अजय सोनकर, दीपू साहू, कैलाश मीनपाल ने बताया कि गन्ने की कीमत बढ़ी हुई है। फिर भी रेट पिछले साल की भांति ही है। कांच का छोटा गिलास 10 रूपये, बड़ा गिलास 20 रूपये है। ग्राहकों की मांग पर गन्ना रस में बर्फ व नींबू नमक मिला मसाला भी डाल रहे हैं। ताजा रस निकालते समय साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हैं। गन्ने की छिलाई के बाद उसे साफ पानी में धोते हैं फिर ग्राहकों के आर्डर पर ताजा रस निकालते हैं। इसमें किसी भी प्रकार की मिलावट, रंग, शक्कर, आर्टिफिशियल खुशबू डालने की जरूरत नहीं है। ग्राहक के सामने ही रस निकालते हैं। मशीन और गन्ने को धूल, मच्छर, मक्खी से बचाने कपड़े, पॉलीथिन से ढंकते हैं।

जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक ने बताया कि गन्ना का ताजा रस शरीर के लिए हर दृष्टिकोण से फायदा है। इसके सेवन से कोई नुकसान नहीं है। बशर्ते साफ सफाई का विशेष ख्याल रखना जरूरी है। उन्होंने बताया कि यह शरीर का एनर्जी बूस्टर है। पाचन में सुधार लाता है। लीवर को मजबूत बनाकर पीलिया बीमारी से बचाता है। डिहाइड्रेशन से बचाव करता है। वजन घटाने में मदद करता है। किडनी और मुंहासे की समस्या दूर करता है। गर्मी से बचाकर शरीर को ठंडा रखता है।

# राजपूत क्षत्रीय समाज के सभी पदाधिकारी निर्विरोध



- आपसी चर्चा से आसानी से निबट गया चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राजपूत क्षत्रीय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह उपसमिति धमतरी के पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध हुआ। कुल 17 पदों में से 2 पद में एक ही से ज्यादा आवेदन आए थे। बाद में एक व्यक्ति के समर्थन में अन्य दूसरे दांवेदारों ने नाम वापस ले लिया। कुल मिलाकर चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुआ।

इतवारी बाजार स्थित महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन में रविवार की सुबह उपसमिति धमतरी की चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। कुल 17 पदों के नामांकन भरा गया। गाड़ाडीह से आए पर्वेक्षक रोम सिंह पवार, संजय सिंह ने उपस्थित होकर सभी आवेदन की जांच की। दो पदों के लिए दो नाम पर थे। बाकी 15 पदों पर सिंगल नाम थे। बाद जिन पदों पर दो नाम आए थे। उनमें भी आपस में बैठकर दांवेदारों ने निर्विरोध चुनाव करवाने का निर्णय लिया। दोनों ही पदों पर एक एक दांवेदार के नाम वापस ले लिया। कुल 17 पदों पर चुनाव आपसी सहमति से निर्विरोध निबटाया गया। मिली जानकारी के अनुसार अध्यक्ष राजेश सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष राकेश सिंह परिहार, कोषाध्यक्ष सुनील हेमंत सिंह ठाकुर, सचिव गजानंद सिंह ठाकुर, केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य देवेश सिंह चंदेल, केन्द्रीय निर्णायक सदस्य चेतन सिंह ठाकुर, उपसचिव नगेंद्र सिंह, कार्यकारिणी सदस्य चंद्रेश सिंह ठाकुर, रामकृष्ण सिंह, दुर्गेश सिंह परमार, कृष्ण कुमार ठाकुर, इंद्रजीत सिंह ठाकुर, संतोष सिंह दीखित, महिला मण्डल अध्यक्ष पुष्पा ठाकुर, महिला सचिव रेखा परिहार, युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह ठाकुर, युवा सचिव अनिमेष सिंह चंदेल चुने गए। समस्त नव निर्वाचित पदाधिकारियों को उपस्थित समाजजनों ने पुष्पमाला पहनाकर शुभकामनाएं दी।



### तीसरी बार युवा अध्यक्ष बने अभिषेक

धमतरी। राजपूत क्षत्रीय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह उपसमिति धमतरी के त्रिवार्षिक चुनाव में लगातार तीसरी अभिषेक सिंह ठाकुर बार युवा अध्यक्ष बने। लगातार जीत पर अभिषेक ने उपस्थित सामाजिक जनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि तीसरी बार भी वे समाजजनों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

# भगवान शंकर से विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महाशिवरात्रि पर्व पर ग्राम मुजगहन के ग्राम देवता धुनादास मंदिर प्रांगण में गायत्री परिवार द्वारा भगवान शंकर की पूजा-अर्चना कर पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शंकर का रुद्राभिषेक कर विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की गई।

यज्ञाचार्य गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन धन्वंतरि नाग ने बताया कि जो व्यक्ति भावना पूर्वक 108 बेल की पत्तियां भगवान शिव को समर्पित करते हैं, उनको तीन जन्मों के पाप से मुक्ति मिलती है। जीवन की मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने कहा कि भगवान शंकर की कृपा प्राप्त करने के लिए उनके गुणों एवं चरित्र को जीवन में धारण करना चाहिए। इस अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ से लाये गए पवित्र गंगाजल को मंत्रों के साथ सबके सुखद जीवन की कामना के साथ अभिसिंचित किया गया। इस अवसर पर ग्राम मुजगहन के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू एवं नव निर्वाचित सरपंच होमेश्वर साहू को श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। यज्ञ का संचालन धन्वंतरि नाग एवं डॉ पूनम साहू ने किया। कार्यक्रम में भागवत सिन्हा, होमेश्वर साहू, डॉ पूनम साहू, संतराम साहू, ओमप्रकाश नाग, गोविंद सिन्हा, छबिलाल साहू, श्रीमती डामिन नाग, डिलेश्वरी सिन्हा, चित्रलेखा सिन्हा, टेमेश्वरी साहू, राधिका साहू, रेशमा साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# विधवा, विधुर, तलाकशुदा महिलाओं, पुरूषों के पुनर्विवाह के लिए परिचय सम्मेलन 9 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- महिलाओं के लिए नि:शुल्क पंजीयन

रायपुर ब्राइट फाउंडेशन द्वारा इस वर्ष भी सभी जाति समाज की विधवा, विधुर, तलाकशुदा महिलाओं, पुरूषों के पुनर्विवाह हेतु परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें अविवाहित युवक -युवतियां तथा उम्र दराज अविवाहित महिलाएं भी शामिल हो सकती हैं। प्रदेश प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि 9 मार्च को राष्ट्रीय स्तर पर यह आयोजन सत्संग भवन महामाया मंदिर पुरानी बस्ती रायपुर में किया जा रहा है। संस्था द्वारा 2018 से प्रति वर्ष यह आयोजन किया जा रहा है जिसमें अब तक 400 से अधिक लोगों का विवाह हो चुका है। अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शीतूत ने कहा कि इस वर्ष महिलाओं का पंजीयन निःशुल्क किया जा रहा है। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर ने बताया कि आर्थिक रूप से जिन कमजोर युवतियों का विवाह तय होता है उनका निःशुल्क आदर्श विवाह भी किया जायेगा । संस्था की सचिव अनघा करकशे ने बताया कि कार्यालय सप्रे स्कूल बुढ़ापारा रायपुर के सामने है जहां प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से शाम 7 बजे तक इच्छुक उम्मीदवार अपना पंजीयन करा सकते हैं। धमतरी में भी पंजीयन की सुविधा है। आवेदक धमतरी शाखा की अध्यक्ष सरिता दोशी के पास पंजीयन करा सकते हैं। यह जानकारी ज्योति हिरणवार धमतरी शाखा प्रभारी रायपुर ब्राइट फाउंडेशन ने दी है।

# मानसगान में बाजार कुर्रीडीह चतुर्थ स्थान पर रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम भाठागांव कुरूद में तीन दिवसीय मानसगान का आयोजन किया गया जिसमें अनेक ख्यातिप्राप्त मंडलियों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में मां कामरू कामाख्या मानस परिवार डोंगरीपारा बाजार कुर्रीडीह ने चौथा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, सरपंच पुष्पलता साहू थे। मंच का संचालन प्यारेलाल साहू मरौद, आकाश साहू डोंगरडुला, लिखनलाल साहू ने किया।

### पथर्रापारा एवं छिन्दीटोला में हुई शिवलिंग की स्थापना

**नगरी।** ग्राम उमरगांव के पथर्रापारा एवं छिन्दीटोला में नये शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा ग्राम के पुरोहित द्वारिका प्रसाद पाण्डेय द्वारा की गई। महाशिवरात्रि पर पथर्रापारा गोवर्धन चौक में मंदिर बनाकर शिवलिंग की स्थापना की गई।







# मुनईकेरा, देवगांव में अजय ने निकाली आभार रैली



**नगरी।** जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव के सम्मान में ग्राम मुनईकेरा और देवगांव में आभार रैली निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए और फूल-मालाओं से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जनसमूह ने अजय ध्रुव के प्रति अपना समर्थन और आभार प्रकट किया। ग्रामीणों ने उन्हें निरंतर समाजसेवा के लिए प्रोत्साहित किया। अजय ने भी जनता के इस अपार स्नेह के लिए कृतज्ञता व्यक्त की और आगे भी जनसेवा के लिए समर्पित रहने का संकल्प दोहराया।

# बाबू छोटेलाल दृढ़ता और संकल्प के प्रतीक थे

- कोष्टापारा में नहर सत्याग्रह के प्रणेता की प्रतिमा पर भाजपाइयों ने किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कंडेल (धमतरी) के नहर सत्याग्रह के प्रणेता स्व. बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की जन्म जयंती पर कोष्टापारा में भाजपाइयों एवं वार्डवासियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। धमतरी शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू ने बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की शहादत को नमन करते हुए कहा कि अपने दृढ़ निश्चय से श्रीवास्तव जी ने अंग्रेजों को नतमस्तक होने के लिए मजबूर कर दिया था। नहर सत्याग्रह की घटना इतिहास में वर्णित है जिसमें स्व. बाबू छोटे लाल श्रीवास्तव ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में आगे बढ़कर लोगों को प्रोत्साहित किया एवं अनेक आंदोलन में अपनी सहभागिता दी। भाजपा के वरिष्ठ डीपेंद्र साहू ने कहा कि स्व. श्रीवास्तव जी दृढ़ता और संकल्प के प्रतीक थे। भारत को स्वतंत्र करने में अग्रणी योगदान रहा है। ब्राह्मणपारा वार्ड पार्षद्ध कोमल सार्वा ने कहा कि बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव देश सेवा, समर्पण भाव के प्रतिबिंब थे। उन्होंने कण्डेल नहर सत्याग्रह, रुद्री नवागांव, जंगल सत्याग्रह व असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन में छत्तीसगढ़ प्रदेश का नेतृत्व किया। इस अवसर पर पार्षद संतोष सोनकर, यादवेंद्र दीवान, शिवनारायण छांटा, अचला सोनी, अवधेश पांडे, वीरेंद्र सोनी, दीपक गुप्ता, राजा श्रीवास्तव, सुभाष रजक, कृष्णा हिरवानी, छबिन्द्र सोनी, मोटू कुम्भकार, खिलेश कुम्भकार, राजू भारत, प्रशांत दुबे, नारायण कुम्भकार, अमित साहू, आर्यन सोनी, अनुज तिवारी, हेमंत कुम्भकार, पूरब सार्वा, कुसुम देवांगन, राधा कुम्भकार, राधिका कुम्भकार, सरस्वती देवांगन, मानबाई देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे।

### उमरगांव में गोड़वाना समाज ने मनाया महाशिवरात्रि पर्व

**नगरी।** ग्राम उमरगांव में गोड़वाना समाज द्वारा महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया। कलश यात्रा के साथ गली भ्रमण किया गया। आदिवासी वेशभूषा में समाजजनों ने जयकारे लगाए। कार्यक्रम स्थल हर्रापारा में विधि- विधान से पूजा-अर्चना की गई। बच्चों ने आदिवासी गीत एवं छत्तीसगढ़ी गीत पर नृत्य किया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जनपद सदस्य क्षमा साहू थीं। अध्यक्षता कृष्ण कुमार मारकोले अध्यक्ष गोड़वाना समाज ने की। विशेष अतिथि नवनिर्वाचित सरपंच अंजना ध्रुव, पंचगण, ग्राम पटेल लीलाम्बर शेष, महेश अग्रवाल, नारायण दास, धनेश राम मरकाम, रमेश दास मानिकपुरी, मंशा राम सोम, रोहित मरकाम थे।










